आकाशवाणी श्री विजयपुरम
दिनांक : 24.04.2025
समय : 0705

<><><><><><><>

- पहलगाम आतंकी हमले को लेकर मंत्री मंण्डल की सुरक्षा कार्य समिति की बैठक में पाकिस्तान के खिलाफ पांच बडे फैसले लिए गए है।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार के मधुबनी में आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में भाग लेंगे।

- एशियाई योगासन खेल चैम्पियनशिप का दूसरा संस्करण कल से सत्ताईस अप्रैल तक दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।

- अंतर स्कूल फुटबॉल नॉक आउट टूर्नामेंट का फाइनल कल खेला जाएगा।

<><><><><><><>

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदम उठाये हैं। पाकिस्तान के साथ उन्नीस सौ साठ का सिंधु जल समझौता रोक दिया गया है और तत्काल प्रभाव से अटारी एकीकृत सीमा चौकी बंद कर दी गयी है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि सार्क वीजा छूट योजना के तहत पाकिस्तानी नागरिकों को भारत आने की अनुमति नहीं मिलेगी। उन्हें पहले से जारी वीज़ा रद्द माने जाएंगे। इस वीज़ा के तहत भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को अड़तालीस घंटे के अंदर भारत छोड़ना होगा। विदेश सचिव ने बताया कि नई दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा, नौसेना और वायु सेना सलाहकारों को एक सप्ताह के अंदर भारत छोड़ना होगा। भारत भी अपने रक्षा, नौसेना और वायु सेना सलाहकारों को इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग से वापस बुला लेगा। श्री मिसरी ने कहा कि दोनों देशों के उच्चायोगों में ये पद रद्द माने जाएंगे। उच्चायोगों से सलाहकारों के पांच सहयोगी कर्मचारियों को भी हटाया जाएगा। विदेश सचिव ने कहा कि पहली मई तक उच्चायोगों में कर्मचारियों की संख्या पचपन से कम कर तीस की जाएगी। मंत्रि मंडलीय सुरक्षा समिति ने कड़े शब्दों में आतंकी हमले की निंदा की, मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

<><><><><><><>

सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनज़र आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक शाम छह बजे संसद भवन परिसर में होगी। बैठक के दौरान सभी राजनीतिक दलों को आतंकी हमले के बारे में जानकारी दी जाएगी।

<><><><><><><>

जम्मू–कश्मीर में पर्यटन मंत्रालय ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद सभी पर्यटक सेवा प्रदाताओं से पर्यटकों को हर संभव सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया है। मंत्रालय ने सभी ट्रैवल एजेंट, टूर ऑपरेटरों, ऑनलाइन ट्रैवल एग्रीगेटर्स, पर्यटक परिवहन प्रदाताओं और होटल व्यवसायियों से रद्दीकरण शुल्क माफ करने को भी कहा है।

<><><><><><><>

आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के मधुबनी से देशभर की पंचायती राज संस्थाओं और ग्राम सभाओं को संबोधित करेंगे। यह दिन उन्नीस सौ बानवे के तिहत्तरवें संविधान संशोधन अधिनियम की बत्तीसवीं वर्षगांठ को चिह्नित करेगा, जिसने पंचायतों को ग्रामीण स्थानीय स्वशासन की संस्थाओं के रूप में संवैधानिक दर्जा दिया था। इस वर्ष यह दिवस संपूर्ण–सरकार दृष्टिकोण के माध्यम से एक प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में मनाया जा रहा है, जिसमें छह केंद्रीय मंत्रालयों ग्रामीण विकास, आवास और शहरी मामले, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, बिजली, रेलवे और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय भागीदारी शामिल है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी इन मंत्रालयों से जुड़ी कई प्रमुख बुनियादी ढांचा और कल्याण परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करने और आधारशिला रखने वाले हैं। इन परियोजनाओं में एल पी जी बॉटलिंग प्लांट, विद्युतीकरण परियोजनाएं, आवास योजनाएं, रेलवे बुनियादी ढांचा और सड़क विकास शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ग्रामीण और शहरी आवास योजना और दीनदयाल अंत्योदय योजना तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत वित्तीय सहायता भी वितरित की जाएगी।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री विशेष श्रेणी के राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार–2025 भी प्रदान करेंगे। कुल छह पंचायतों को पुरस्कृत किया जाएगा, जिनमें से तीन का नेतृत्व महिलाओं द्वारा किया जा रहा होगा। इन पुरस्कारों का उद्देश्य जलवायु बदलाव, राजकोषीय आत्मनिर्भरता और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में अनुकरणीय प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों और संस्थानों को मान्यता देना है।

<><><><><><><>

एशियाई योगासन खेल चैंपियनशिप का दूसरा संस्करण कल से सत्ताईस अप्रैल तक दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर–स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। इस प्रतियोगिता का आयोजन खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण–साई के सहयोग से किया जा रहा है। इसमें इक्कीस एशियाई देशों के कुल एक सौ सत्तर खिलाड़ी भाग लेंगे और चालीस तकनीकी अधिकारी तथा तीस टीम मैनेजर और कोच शामिल होंगे। यह चैंपियनशिप चार आयु वर्ग दस से अटठाराह, अट्ठारह से अट्ठाईस, अट्ठाईस से पैंतीस और पैंतीस से पैंतालिस वर्ष में आयोजित की जाएगी। योगासन भारत के अध्यक्ष उदित सेठ ने चैंपियनशिप के लिए 'थीम सॉन्ग' और शुभंकर का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह योगासन के लिए बड़ी उपलब्धि है। उदित सेठ ने भारतीय टीम को शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह ऐतिहासिक क्षण प्रतिस्पर्धी खेलों में जीवन भर गूंजता रहेगा। इससे पहले योगासन खेल चैंपियनशिप का पहला सत्र 2022 में थाईलैंड के बैंकॉक में हुआ था।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान उप शिक्षा अधिकारी की ओर से दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल क्षेत्र के लड़कों के अंडर–17 और अंडर–15 तथा लड़कियों के अंडर–17 के लिए अंतर स्कूल फुटबॉल नॉक आउट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा हैं। इस सिलसिले मे सेमीफाइनल और दो क्वार्टर फाइनल मैच आयोजित किए गए। फाइनल मैच कल सुबह साढ़े आठ बजे से गर्ल्स स्कूल मैदान में खेले जाएंगे।

<><><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में ग्रुप "सी" और "बी " के विभिन्न पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इन पदों पर कम्प्यूटर आधारित परीक्षा, लिखित और प्रैक्टिकल की तिथि की घोषणा की जा चुकी है। लैब अटेंडेंट और एल वी डी के पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों से कहा गया है कि वे आज शाम से भर्ती पोर्टल पर हॉल टिकट डाउनलोड कर सकते हैं। अन्य परीक्षाओं के लिए हॉल टिकट डाउनलोड करने की सूचना बाद में दी जाएगी। लैब अटेंडेंट के पद के लिए परीक्षा आठ मई को निर्धारित की गई है। एल वी डी के लिए नौ मई को लिखित और सोलह मई को कौशल परीक्षा ली जाएगी। उम्मीदवारों से कहा गया है कि परीक्षा का समय और स्थान हॉल टिकट पर दर्शा दिया जाएगा।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

द डेली टेलीग्राम्स ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के एक बयान को प्रमुखता से प्रकाशित किया है, जिसमें उन्होंनें कहा कि – पहलगाम में कायराना आतंकवादी हमले के पीछे के लोगों को जल्द ही करारा जवाब मिलेगा, सरकार सभी आवश्यक कदम उठाएगी। राज्य पुस्तकालय ने भव्य पुस्तक प्रदर्शनी के साथ विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस मनाया–द्वीप समाचार ने इस खबर को पहले पन्ने के निचले भाग में सचित्र प्रकाशिता किया है। फलों और सब्जियों के मूल्य संवर्धन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को इंफो इंडिया ने पहले पन्ने के ऊपरी भाग में जगह दी है। द इको ऑफ इंडिया ने बकुलतला बिजली साइट कार्यालय में वाहन की अनुपस्थिति के कारण कर्मचारियों द्वारा आपातकालीन प्रतिक्रिया में देरी  होने के समाचार को पहले पन्ने के ऊपरी भाग में प्रकाशित किया है। द अंडमान एक्सप्रेस – अंग्रेजी ने विम्बर्लीगंज में सातवां पोषण पखवाड़ा के के समापन समारोह आयोजित करने के समाचार को अंतिम पन्ने में सचित्र प्रकाशित किया

<><><><><><><>